

## गुस्ताखी माफ

ममता को मत वोट दें, देगी डेढ़ हजार।
बीजेपी को वोट दें, देंगे तीन हजार।
देंगे तीन हजार, न उसका चोगा चुगना।
दुगने हम दे रहे, प्यार ममता से दुगना।
कह साहिल कविराय, नहीं है कोई समता।
हम से आधा प्यार, करे है तुमसे ममता।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 96 | FRIDAY 17-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# CIA टीम के शिकंजे में बाहुबली ठेकेदार, सब्जी मंडी में सरकारी काम में बांधा डालने, धक्केशाही व गुंडागर्दी के आरोप, FIR दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। शहर के बाहुबली ठेकेदार कहे जाते एलआरवाई कंपनी के ठेकेदार राजू पर आखिरकार पुलिस द्वारा शिकंजा कस दिया गया है। चर्चा है कि मार्किट कमेटी की शिकायत के बाद सीआईए स्टॉफ की पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। ठेकेदार पर सलेम टाबरी स्थित सब्जी मंडी में सरकारी काम में बांधा डालने, धक्केशाही व गुंडागर्दी करने के आरोप हैं। जिसके चलते यह एक्शन हुआ है। वहीं थाना बस्ती जोधेवाल की पुलिस द्वारा मार्किट कमेटी के चेयरमैन की शिकायत पर राजू के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया गया है। बता दें कि सब्जी मंडी में पार्किंग और यूजस चार्ज के ठेके को लेकर पिछले कुछ दिनों से मार्किट कमेटी और ठेकेदार राजू के बीच विवाद चल रहा था। जिसके बाद लगातार यह विवाद बढ़ता जा रहा है। अब इस मामले में सरकारी अधिकारियों के बयान होने के बाद कानूनी कार्रवाई कर दी गई है। हालांकि पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज होने और ठेकेदार की गिरफ्तारी संबंधी आधिकारिक तौर पर कोई बयान नहीं दिया गया। थाना बस्ती जोधेवाल की पुलिस द्वारा इस मामले संबंधी कुछ भी बताने से गुरेज किया गया।


निगम द्वारा दिए फिरोजगांधी मार्केट के ठेके में फुटपाथ पर ठेकेदार ने लगा रखे वाहन


ठेकेदार राजू

### कई राजनेताओं का करीबी रह चुका हैं ठेकेदार

वहीं चर्चा है कि ठेकेदार राजू कई राजनेताओं का करीबी रह चुका है। उनकी और से लगातार उसे शह दी जाती थी। यहां तक नगर निगम अफसरों के साथ भी ठेकेदार की अच्छी सेटिंग थी। जिसके चलते ज्यादातर पार्किंग ठेके उसी को मिलते थे। चर्चा है कि आने वाले समय में उक्त राजनेताओं और अफसरों के चेहरे भी जनता के सामने आ सकते हैं।

### मंडी बोर्ड ने तो ले लिया एक्शन, क्या निगम भी लेगा

वहीं मंडी बोर्ड द्वारा पार्किंग ठेका दूसरी कंपनी को देते हुए ठेकेदार राजू द्वारा बदमाशी करने पर उसके खिलाफ एक्शन ले लिया गया। अब देखना होगा कि क्या निगम अधिकारी भी फिरोजगांधी मार्केट समेत बाकी की पार्किंग साइटों के पार्किंग टेंडर लगाते हैं या ठेकेदार का ही पक्ष लेते हुए पहले की तरह ठेके एक्सटेंड किए जाते रहेगें।

### मार्किट कमेटी सेक्रेटरी के पुलिस ने लिए बयान

जानकारी के अनुसार चेयरमैन गुरजीत सिंह गिल की और से थाना बस्ती जोधेवाल की पुलिस को एक शिकायत दी गई थी। जिसमें उन्होंने ठेकेदार राजू पर गुंडागर्दी, ओवरचार्जिंग करने और सरकारी काम में बांधा डालने के आरोप लगाए थे। जिसके बाद पुलिस ने उक्त शिकायत की जांच शुरू की। जिसके बाद पुलिस द्वारा मार्किट कमेटी के सेक्रेटरी हरिंदर सिंह गिल को बयान देने के लिए बुलाया गया था। सेक्रेटरी द्वारा भी ठेकेदार के खिलाफ अपने बयान दर्ज करवाए गए। जिसके बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई कर दी है।

### पिछले कुछ दिनों में ऐसे चला विवाद

दरअसल, 31 मार्च 2026 को ठेकेदार राजू का ठेका खत्म हुआ और मंडी बोर्ड द्वारा टेंडर लगाया गया है। इस दौरान गलत तरीके से दूसरी कंपनी मिकी ट्रेडर्ज को ठेका अलॉट करने का आरोप लगा ठेकेदार राजू हाईकोर्ट पहुंचे और अदालत ने 28 अप्रैल तक ठेका पहले की तरह चलने देने के ऑर्डर दिए। ठेकेदार राजू ने सेक्रेटरी हरिंदर सिंह गिल पर 15 लाख रिश्वत मांगने के आरोप लगाए। जिसके बाद सेक्रेटरी के पास ओवरचार्जिंग की शिकायत पहुंची। उस पर जांच कर आरोप सही पाए जाने पर ठेकेदार को 15 लाख जुमार्ना लगाया गया। जुमार्ना होते ही ठेकेदार राजू ने कमेटी को ईमेल भेजकर 11 अप्रैल से ठेका छोड़ दिया और उसी दिन प्रैस कांफ्रेस कर अफसरों पर संगीन आरोप लगा डाले। जिसके बाद यह मामला और बढ़ता गया। जिसके बाद चेयरमैन और सेक्रेटरी द्वारा ठेकेदार पर मार्किट कमेटी ऑफिस गुंडे भेजकर मारपीट करने के भी आरोप लगाए गए थे।

### मेरी तरफ से अपने बयान दर्ज करवाए गए



मार्किट कमेटी सेक्रेटरी हरिंदर सिंह गिल ने बताया कि उन्हें पुलिस की तरफ से बयान देने के लिए थाने बुलाया गया था। मेरी तरफ से थाने जाकर बयान दे दिए गए हैं। ठेकेदार द्वारा सरकारी काम में रुकावट डाली गई और सरेआम गुंडागर्दी की गई है।

### आरएमसी प्लांट बंद करवाएगी कमेटी ?

अरोड़ा पैलेस की बैक साइड पर अनाज मंडी में भी एक ठेकेदार को आरएमसी प्लांट लगाने के लिए किराए पर जमीन दे रखी है। हालांकि इस प्लांट के कारण लगातार प्रदूषण फैल रहा है और प्लांट से उड़ने वाला सीमेंट और रेत अनाज में पड़ रहे हैं। वहीं अनाज लोग खाने को मजबूर हैं। अब देखना होगा कि क्या अधिकारी मामले में एक्शन लेते हुए उक्त प्लांट को बंद करवाते हैं या नहीं। बता दें कि यह प्लांट कुछ समय के लिए किराए पर दिया गया था। लेकिन फिर कुछ अफसरों की मिलीभगत के चलते हर साल एग्रीमेंट पर दिया जा रहा है।



# घग्गर नदी में रात के अंधेरे में अवैध माइनिंग, कुदरती बहाव पर खतरा

## ककराली गांव में सक्रिय रेत माफिया, प्रशासन पर मिलीभगत के आरोप

डेराबस्सी/यूटर्न/16 अप्रैल। पंजाब सरकार की अवैध माइनिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के दावे डेराबस्सी क्षेत्र में खोखले नजर आ रहे हैं। घग्गर नदी के किनारे बसे ककराली गांव में रात के अंधेरे में खुलेआम गैर-कानूनी माइनिंग का धंधा चल रहा है। रेत माफिया भारी मशीनरी जैसे पोकलेन, जेसीबी और टिप्परों की मदद से नदी के बीचों-बीच खुदाई कर रहे हैं, जिससे नदी के कुदरती बहाव पर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार दिन के समय सब कुछ सामान्य दिखता है, लेकिन रात होते ही माइनिंग माफिया सक्रिय हो जाते हैं। पूरी रात टिप्परों की आवाजाही से गांव की सड़कों को नुकसान पहुंच रहा है और लोगों की नींद भी हराम हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि नदी के किनारों को काटकर की जा रही यह खुदाई आसपास के खेतों और बांध के लिए भी खतरा बन सकती है। हैरानी की बात यह



है कि यह पूरा अवैध कारोबार प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा है। गांववासियों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद माइनिंग विभाग और पुलिस प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। उनका कहना है कि जब भी कोई टीम जांच के लिए पहुंचती है, उससे पहले ही माफिया को भनक लग जाती है, जिससे मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि अवैध माइनिंग स्थलों पर तुरंत छापेमारी की जाए, सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और रात में गश्त बढ़ाई जाए। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस संबंध में माइनिंग विभाग के एक्सईएन आरुष मेहता ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है, लेकिन शिकायत मिलने के बाद जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। जानकारों का कहना है कि लगातार हो रही अंधाधुंध खुदाई से घग्गर नदी का प्राकृतिक प्रवाह बदल रहा है। यदि बरसात के मौसम में जल स्तर बढ़ता है, तो बदला हुआ बहाव सीधे गांवों और फसलों में घुस सकता है, जिससे जान-माल का बड़ा नुकसान होने की आशंका है।

# यूएस आर्मी में शामिल बेटे की पंजाबी मां को डिपोर्टेशन के लिए हिरासत में लिया गया, यह ट्रंप का अमेरिका है

चंडीगढ़/यूटर्न/16 अप्रैल। 53 साल की भारतीय मूल की महिला, मीनू बत्रा, जो 35 साल से ज्यादा समय से अमेरिका में रह रही हैं, को यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट के एजेंट्स ने तब हिरासत में ले लिया, जब वह इमिग्रेशन कोर्ट के एक काम के लिए विस्कॉन्सिन जा रही थीं। अमेरिका में दशकों तक रहने के बावजूद, बत्रा को अब डिपोर्टेशन का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उनके खिलाफ साल 2000 का एक हटाने का आदेश अभी भी मौजूद है, जिस पर डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की सख़्त इमिग्रेशन नीतियों के तहत अधिकारी कार्रवाई कर सकते हैं। बत्रा, जो टेक्सास में पंजाबी, हिंदी और उर्दू के लिए एकमात्र सर्टिफाइड कोर्ट इंटरप्रेटर हैं, और जिन्होंने 20 साल से ज्यादा समय तक यूएस इमिग्रेशन कोर्ट के साथ काम किया है, उन्होंने इमिग्रेंट्स को कानूनी प्रक्रिया में गाइड करके अपना करियर बनाया। अब, बत्रा खुद इस प्रक्रिया के दूसरी तरफ खड़ी हैं।



## बेटे ने पैरोल की अर्जी लगाई

टेक्सास ऑब्जर्वर की रिपोर्ट के अनुसार, बत्रा के सबसे छोटे बेटे ने कुछ महीने पहले ही यूएस आर्मी जॉइन की है और उसने उनकी तरफ से पैरोल की अर्जी भी दी है। चार बड़े बच्चों (जो यूएस नागरिक हैं) की सिंगल मदर, बत्रा 1980 के दशक में भारत से अमेरिका आ गई थीं, जब 1984 के सिख विरोधी दंगों में उनके माता-पिता मारे गए थे। टेक्सास स्थित 'इंडस लिंगो' (बत्रा का प्रोफ़ेशनल लैंग्वेज सर्विस बिजनेस) के अनुसार, बत्रा हिंदी, पंजाबी और उर्दू में मास्टर-लेवल की कोर्ट-सर्टिफाइड इंटरप्रेटर हैं, और 2007 से अमेरिका में लैंग्वेज सर्विसेज दे रही हैं।

## कोर्ट के काम से जाते हुए हिरासत में लिया

17 मार्च को, मीनू बत्रा को टेक्सास के वैली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ICE एजेंट्स ने तब हिरासत में ले लिया, जब वह इमिग्रेशन कोर्ट के एक काम के लिए विस्कॉन्सिन के मिल्वॉकी जा रही थीं। उन्हें अब यूएस-मेक्सिको सीमा के पास रेमंडविले में 'एल वैले डिटेंशन सेंटर' में रखा गया है और वह अभी भी हिरासत में हैं। बत्रा के इमिग्रेशन वकीलों द्वारा दायर एक याचिका के अनुसार (जिन्होंने टेक्सास के दक्षिणी ज़िले के यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में 'बंदी प्रत्यक्षीकरण' या habeas corpयूएस याचिका दायर की थी), उन्हें बिना खाना-पानी के लगभग 24 घंटे तक हिरासत में रखा गया था। उन्होंने बत्रा को तुरंत रिहा करने की मांग की है।

## बत्रा को आ रही समस्याएं

उन्होंने आरोप लगाया है कि तब से बत्रा को मेडिकल देखभाल तक पहुंचने में लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दिसंबर 2025 में उनकी कुछ सर्जरी हुई थीं। टेक्सास ऑब्जर्वर की रिपोर्ट के अनुसार, उनके वकीलों ने बताया कि हिरासत में रहते हुए उन्हें सांस की बीमारी हो गई है और उनकी आवाज चली गई है।

## क्या मीनू बत्रा को भारत वापस भेजा जा सकता है?

साल 2000 में, बत्रा को हटाए जाने पर रोक नाम का एक दर्जा दिया गया था, जो शरण से अलग होता है। इसका मतलब यह था कि यूएस सरकार इस बात पर सहमत हो गई थी कि उन्हें भारत वापस नहीं भेजा जाएगा, क्योंकि ऐसा करना उनके लिए असुरक्षित हो सकता था। लेकिन शरण के विपरीत, इस दर्जे.से उन्हें स्थायी निवासी (जैसे ग्रीन कार्ड मिलना) बनने की अनुमति नहीं मिली। साल 2000 के आदेश में कहा गया था कि उन्हें यूएस से हटाया (वापस भेजा) जा सकता है। हालाँकि, उसी समय, जज ने उन्हें रहटाए जाने पर रोकर का दर्जा भी दे दिया था; इसका मतलब यह था कि यूएस सरकार ने यह स्वीकार किया कि अगर उन्हें भारत वापस भेजा जाता है, तो उन्हें उत्पीड़न का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए उन्हें उनके अपने देश वापस नहीं भेजा जा सकता।

# विधायक बग्गा और निगम कमिश्नर ने विकास कार्यों को तेज करने और सफाई सुनिश्चित करने के लिए बैठक की



लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। विकास कार्यों को तेज करने और सफाई सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम करते हुए, नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता, लुधियाना उत्तर के विधायक मदन लाल बग्गा और सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने गुरुवार को नगर निगम जोन डी कार्यालय में एक समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि चल रहे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए और वरिष्ठ अधिकारी जमीनी स्तर पर स्थिति की नियमित निगरानी रखें। इसके अलावा, नहरी पानी सप्लाई परियोजना के तहत काम कर रहे अधिकारियों को नगर निगम के अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए, ताकि शहर में पानी की सप्लाई लाइनें बिछाने के दौरान आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में पार्षदों और नेताओं— अमन बग्गा, आराधना सुरिंदर अटवाल, पुष्पिंदर भनोट, अशोक कुमार, मनजीत ढिल्लों, तेजिंदर राजा, गुरवीर गोलू बाजवा, मनीषा कपूर, कामराज शर्मा और दशमेश सिंह सहित अन्य ने भाग लिया। बैठक में नगर निगम के संयुक्त कमिश्नर विनीत कुमार के साथ-साथ बी एंड आर शाखा, ओ एंड एम सेल, स्वास्थ्य शाखा और बिल्डिंग शाखा के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। विधायक बग्गा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सफाई व्यवस्था बनाए रखने और स्टैटिक कंपेक्टर साइटों से नियमित रूप से कचरा उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

# जबरदस्त एक्शन: जगरांव नगर परिषद ने अवैध कब्जों पर दी 'फाइनल वार्निंग', 3 दिन में खुद हटा लें वरना चलेगा पीला पंजा

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/16/अप्रैल।शहर में सरकारी जमीनों पर कुंडली मारकर बैठे अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ नगर परिषद ने अब आर-पार की लड़ाई छेड़ दी है। नगर परिषद जगराओं ने शहर में बढ़ती 'वेप इंक्रोचमेंट' (अवैध कब्जों) को गंभीरता से लेते हुए कड़ा रुख अपनाया है। काउंसिल ने तहसील रोड पर स्थित बीकानेरी स्वीट्स को एक नोटिस भेज कर स्पष्ट आदेश जारी किए हैं कि सरकारी जगह पर किए गए सभी अवैध निर्माण और कब्जे 3 दिन के भीतर व्यक्तियों को पहले भी सूचित किया गया था। चेतावनी के बावजूद जब कब्जाधारियों के कान पर जूं नहीं रेंगी, तो अब प्रशासन ने सख्त लहजे में अंतिम नोटिस थमा दिया है।



**नगर परिषद के नोटिस की 3 बड़ी बातें:** 72 घंटे की मोहलत: कब्जाधारियों के पास केवल 3 दिन का समय है। इस दौरान वे खुद अपना अवैध सामान या निर्माण हटा लें।

**खर्च की वसूली:** यदि तय समय में कब्जा नहीं हटाया गया, तो नगर काउंसिल अपनी टीम भेजकर कब्जा हटाएगी। इस कार्रवाई पर आने वाला सारा खर्च भी संबंधित व्यक्ति से ही वसूला जाएगा।

**कानूनी कार्रवाई:** आदेशों की अवहेलना करने वालों पर संबंधित कानूनी धाराओं के तहत मामला भी दर्ज किया जा सकता है।

शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाना जरूरी है। लोग सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने से परहेज करें और परिषद की हिदायतों का पालन करें। अधिकारी, नगर परिषद जगरांव। नोटिस जारी होने के बाद से ही अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन की इस सख्ती से उम्मीद है कि शहर की सड़कों और सरकारी जमीनों को जल्द ही अतिक्रमण मुक्त कराया जा सकेगा।

**सरकारी जमीन पर अवैध स्टॉल:** जीस स्वीट शॉप को नोटिस भेजा गया है, प्रबंधन ने अपनी दुकान की तय सीमा का उल्लंघन करते हुए नगर परिषद की सरकारी जगह पर अवैध रूप से खाने-पीने के स्टॉल सजा रखे हैं।


ॐ
PRAYER MEET

With profound grief, we inform the sad demise of
GAURAV KHANNA
(Son of Late Sh. Suresh Khanna & Late Smt. Babli Khanna)
We request your presence to join us in the prayer meet for the departed soul.
17 April 2026 | 2:00 PM - 3:00 PM
Venue: Nav Durga Mandir, Sarabha Nagar
Kindly keep the departed soul in your prayers.
Dhawan Family
Chiragdin Knitwears

लुधियाना

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

03 शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026



पेज 06 सिल्वर सिटी में बैसाखी मेले का आयोजन, सांस्कृतिक...

# न कार्रवाई, न रोक, अवैध निर्माण पर मानवाधिकार आयोग ने मांगी रिपोर्ट

मिलन

लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। लुधियाना महानगर के बहादुरके रोड़ नजदीक स्थित दाना मंडी की रिहायशी कॉलोनी में चल रहे अवैध कमर्शियल निर्माण को लेकर अब मामला और गंभीर हो गया है। लगातार शिकायतों और उठते विरोध के बावजूद निर्माण कार्य नहीं रोका गया, बल्कि पहले से भी तेज रफ्तार में जारी रहा। इस पूरे मामले में पंजाब मंडी बोर्ड और मार्किट कमेटी ने तो एक्शन नहीं लिया। लेकिन विभागीय निष्क्रियता को देखते हुए अब मानवाधिकार आयोग ने स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब कर ली है। इलाका निवासियों के अनुसार जनवरी 2026 में संबंधित अधिकारियों के समक्ष अवैध निर्माण को लेकर लिखित शिकायत दी थी। इसके बावजूद न तो मौके पर कोई रोक लगाई गई और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई की गई। उल्टा, शिकायत लंबित रहने के दौरान निर्माण कार्य लगातार जारी रहा, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अधिकारियों द्वारा आपसी मिलीभगत के बाद निर्माण कराया जा रहा है।



## शिकायत के बाद निर्माण कार्य और तेज हुआ

इसके साथ निवासियों का यह भी कहना है कि जब शिकायत दर्ज कराई गई थी, उस समय निर्माण तीन मंज़िल तक सीमित था, लेकिन कार्रवाई न होने के कारण अब इसे चार मंज़िल तक बढ़ा दिया गया है। यह स्थिति इस बात का प्रमाण है कि विभागीय लापरवाही या निष्क्रियता के चलते अवैध निर्माण को खुली छूट मिली हुई है।

## अब मानवाधिकार आयोग ने मांगी जवाबदेही

मामले को गंभीरता से लेते हुए मानवाधिकार आयोग ने इसे प्रथम दृष्टया मानवाधिकार उल्लंघन माना है और जिला मंडी अधिकारी, लुधियाना से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि रिहायशी क्षेत्र में इस प्रकार के निर्माण से लोगों के शांतिपूर्ण जीवन पर प्रभाव पड़ता है, जो मानवाधिकार के दायरे में आता है। अब रिपोर्ट तलब करने के बाद अधिकारियों को हाथ पांव की पड़ चुकी है। उन्हें रिपोर्ट में क्या एक्शन लिया और अगर एक्शन नहीं लिया तो क्यों नहीं कार्रवाई की, इसका जवाब देना होगा।

## रिहायशी क्षेत्र में कमर्शियल गतिविधियों बढ़ा रही खतरा

यह इलाका योजना के अनुसार रिहायशी है, जहां कमर्शियल निर्माण की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद बहुमंज़िला ढांचों का निर्माण यह संकेत देता है कि भविष्य में यहां व्यावसायिक गतिविधियां शुरू हो सकती हैं, जिससे पूरे क्षेत्र की शांति और व्यवस्था प्रभावित होगी। हालांकि इलाका निवासियों का कहना है कि इससे इलाके के लोगों को भी खतरा है।

## निर्धारित ऊंचाई से अधिक निर्माण पर भी उठे सवाल

निवासियों का कहना है कि मंडी टाउनशिप के इस रिहायशी क्षेत्र में निर्माण के लिए अधिकतम ढाई मंज़िल तक की ही अनुमति है। इसके बावजूद मौके पर तीन से चार मंज़िल तक निर्माण किया जाना नियमों के स्पष्ट उल्लंघन को दशार्ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, निर्धारित सीमा से अधिक ऊंचाई का निर्माण न केवल अवैध है, बल्कि इससे आसपास के मकानों की संरचना और सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न हो सकता है।

## अब सबकी नजर अगली कार्रवाई पर

मानवाधिकार आयोग द्वारा रिपोर्ट तलब किए जाने के बाद और पंजाब मंडी बोर्ड के मुख्यालय में शिकायत दर्ज होने के बाद अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि संबंधित अधिकारी क्या जवाब देते हैं और क्या इस दौरान निर्माण कार्य को रोका जाता है या नहीं। फिलहाल, मौके पर जारी निर्माण गतिविधियां यह दर्शा रही हैं कि प्रशासनिक स्तर पर अभी भी सख्त हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

## खुद पर आई तो हो सकता है एक्शन

इससे पहले मंडी बोर्ड व मार्किट कमेटी द्वारा सब्जी मंडी की पार्किंग व यूजस चार्ज को लेकर कई शिकायतें आने पर भी एक्शन नहीं लिया था। लेकिन जब ठेकेदार ने अधिकारियों पर 15 लाख रिश्वत मांगने के आरोप लगाए तो अधिकारियों ने खुद पर बात आती देख एक्शन ले लिया। इसी तरह अरोड़ा पैलेस की बैक साइड पर दाना मंडी में आरएमसी प्लांट अवैध तरीके से लगवा रखा है। उस मामले में भी अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं। वहीं अब रिहायशी कॉलोनी में अवैध निर्माण में अफसरों ने एक्शन नहीं लिया। मगर अब आयोग ने रिपोर्ट मांगी है तो वह अब खुद पर आने पर एक्शन ले सकते हैं।

## क्या सेटिंग के चलते अधिकारी नहीं ले रहे एक्शन ?

इलाका निवासियों का कहना है कि वे लगातार अधिकारियों के पास जाकर शिकायत कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। उनका आरोप है कि अधिकारी केवल रिपोर्ट मांगने तक सीमित हैं और जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। वहीं चर्चा है कि क्या अधिकारियों की आपसी सेटिंग हो चुकी है, इसी लिए वह एक्शन नहीं ले रहे। अब फिर से इस पूरे मामले को लेकर कॉलोनी के निवासियों ने पंजाब मंडी बोर्ड के मुख्यालय में भी शिकायत दर्ज कराई है। निवासियों ने यह शिकायत पंजाब मंडी बोर्ड के सेक्रेटरी और डायरेक्टर ऑफ कॉलोनाइजेशन के समक्ष प्रस्तुत करते हुए मांग की है कि अवैध निर्माण के खिलाफ तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए और रिहायशी क्षेत्र के नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

# चौथी बार निर्विरोध सीआईसीयू के प्रधान बने उपकार सिंह आहूजा, बिना मुकाबले हुए निर्वाचित



लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स (CICU) के वार्षिक एजीएम में उपकार सिंह आहूजा को निर्विरोध एक बार फिर सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। आहूजा चौथी बार संस्था के प्रधान बने है। आहूजा के नाम से उद्योग जगत में उनके नेतृत्व के प्रति मजबूत विश्वास और एकजुटता देखने को मिली। आहूजा के नाम का प्रस्ताव पद्मश्री एस. ओंकार सिंह पाहवा सहित कई वरिष्ठ उद्योगपतियों ने रखा, जिसे व्यापक समर्थन मिला। किसी अन्य नामांकन के अभाव में चुनाव प्रक्रिया सहज रूप से पूरी हुई। चुनाव की प्रक्रिया पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक विश्व बंधु मोंगा की निगरानी में संपन्न हुई, जिन्होंने आहूजा को औपचारिक रूप से विजेता घोषित किया। इस अवसर किंग एक्सपोर्ट्स के एमडी मदन लाल गोयल , चरणजीत विश्वकर्मा , जेएस भोगल ,राहुल आहूजा, जीएस ढिल्लों गौतम मल्होत्रा ,एसबी सिंह सहित असंख्य मौजूद रहे। गौरतलब है की अपने पिछले कार्यकालों में आहूजा ने सीआईसीयू को नई दिशा देते हुए कई महत्वपूर्ण पहल कीं। उनके नेतृत्व में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, रिवर्स इंजीनियरिंग लैब, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) लैब और AWADH लैब जैसे आधुनिक प्रोजेक्ट्स स्थापित किए गए, जिससे एमएसएमई सेक्टर को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में मदद मिली। इसके अलावा, उन्होंने कच्चे माल की बढ़ती कीमतों, निर्यात संबंधी चुनौतियों और लॉजिस्टिक्स समस्याओं जैसे मुद्दों को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया। सीआईसीयू द्वारा विभिन्न अवेयर नैस सेशंस के माध्यम से उद्योगपतियों को सरकारी योजनाओं, नियमों और नए व्यापारिक अवसरों की जानकारी भी दी गई।

# हरिंदर सिंह हनी, हरविंदर सिंह पिंका और पवन धीमान पम्मा ने उठाई वोटर लिस्ट में नक्शे की मांग

डेराबस्सी/यूटर्न/16 अप्रैल। नगर परिषद चुनावों से पहले शिरोमणि अकाली दल के नेता हरिंदर सिंह हनी, वार्ड नंबर 18 के पूर्व काउंसलर हरविंदर सिंह पिंका और भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन धीमान पम्मा ने वोटर सूचियों में पारदर्शिता को लेकर अहम मुद्दा उठाया है। तीनों नेताओं ने संयुक्त रूप से एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि प्रत्येक वार्ड की वोटर लिस्ट के साथ उसका आधिकारिक नक्शा भी अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए।

तीनों नेताओं ने कहा कि वर्तमान में जारी वोटर सूचियों के साथ वार्ड का नक्शा उपलब्ध नहीं है, जिससे वार्ड सीमाओं को समझना मुश्किल हो रहा है। इसके चलते कई बार अन्य वार्डों के वोट गलत तरीके से किसी दूसरे वार्ड में शामिल हो जाते हैं, जो चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है।

उन्होंने प्रशासन को अवगत कराया कि यदि प्रत्येक वार्ड का नक्शा उपलब्ध कराया जाए तो गलत वोटों की पहचान आसानी से हो सकेगी और समय रहते उनमें सुधार किया जा सकेगा। इससे चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार के विवाद या परेशानी से बचा जा सकेगा।

हरिंदर सिंह हनी, हरविंदर सिंह पिंका और पवन धीमान पम्मा ने प्रशासन से अपील की है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए सभी वार्डों की वोटर सूची के साथ संबंधित वार्ड का नक्शा अनिवार्य रूप से जारी किया जाए।

# भाजपा नेता योगेश्वर शर्मा ने पंचकूला महापौर पद के लिए ठोकी दावेदारी



पंचकूला/यूटर्न/16 अप्रैल। पंचकूला नगर निगम चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी में महापौर पद के दावेदारों की सक्रियता बढ़ गई है। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश्वर शर्मा ने भी महापौर पद के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश करते हुए औपचारिक रूप से आवेदन जमा कराया। योगेश्वर शर्मा ने अपने समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जिला प्रधान अजय मित्तल को आवेदन पत्र सौंपा। इस दौरान उनके साथ मंडल अध्यक्ष प्रमोद वत्स, प्रधान सतीश कुमार, योगी मथूरिया, तरुण कुमार, राजेश्वर शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला और सभी ने एकजुट होकर उनकी उम्मीदवारी का समर्थन किया। गौरतलब है कि योगेश्वर शर्मा इससे पहले पंचकूला विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं और लंबे समय से पार्टी संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। संगठनात्मक स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के साथ-साथ क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। इस मौके पर योगेश्वर शर्मा ने कहा कि वह पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं और पार्टी नेतृत्व के हर निर्णय का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी उन्हें महापौर पद के लिए उम्मीदवार बनाती है तो वह पूरी निष्ठा और मेहनत से चुनाव लड़ेंगे और जीत सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पंचकूला शहर के विकास, स्वच्छता, ट्रैफिक प्रबंधन, जल निकासी व्यवस्था, पार्कों के रखरखाव और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही जनसहभागिता के माध्यम से शहर की समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाएगा और पंचकूला को आधुनिक एवं आदर्श शहर बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

# नारायणगढ़ झुग्गियां की जमीन मामले में राहत को लेकर विधायक रंधावा की उच्च स्तरीय बैठक




जीरकपुर/यूटर्न/16 अप्रैल। डेराबस्सी हलके के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने गांव नारायणगढ़ झुग्गियां से संबंधित गमाडा द्वारा अधिग्रहित की जा रही जमीनों में राहत देने के मुद्दे पर पंजाब के शहरी विकास एवं आवास निर्माण मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां के साथ एक अहम उच्च स्तरीय बैठक की।

बैठक के दौरान विधायक रंधावा ने गांव के निवासियों की समस्याओं और चिंताओं को विस्तार से मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि गमाडा द्वारा जारी नोटिफिकेशन के तहत ग्रामीणों के घरों को भी अधिग्रहित करने की प्रक्रिया चल रही है, जिससे कई परिवारों के बेघर होने का खतरा पैदा हो गया है और लोगों में चिंता का माहौल बना हुआ है।

उन्होंने यह भी कहा कि इस स्थिति के कारण मंदिर निर्माण, गुरुद्वारा स्थापना और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए धर्मशाला हेतु कोई उपयुक्त स्थान नहीं बचा है, जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मंत्री से मांग की कि प्रभावित लोगों को उचित राहत दी जाए और उनके हितों की पूरी तरह रक्षा सुनिश्चित की जाए।

इसके बाद विधायक रंधावा ने गमाडा के मुख्य प्रशासक के साथ भी विस्तृत बैठक कर मामले के सभी पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की जायज मांगों को ध्यान में रखते हुए प्रक्रिया को संवेदनशीलता और तेजी के साथ आगे बढ़ाया जाए।

मंत्री और गमाडा अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि अगले लगभग 10 दिनों में गमाडा की टीम गांव का दौरा कर मौके का जायजा लेगी और ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के समाधान के प्रयास किए जाएंगे। अंत में विधायक रंधावा ने कहा कि पंजाब सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और किसी भी नागरिक के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नारायणगढ़ झुग्गियां के लोगों को न्याय मिलेगा और उनकी हर संभव मदद की जाएगी।

# एंटी नारकोटिक्स सेल की बड़ी कार्रवाई: ₹5000 इनामी हिस्ट्रीशीटर अमन उर्फ पकौडी डेरा बस्सी से गिरफ्तार, आरोपी पर पहले से ही 12 आपराधिक मामले दर्ज

## अवैध हथियारों की सप्लाई में था सक्रिय, न्यायिक हिरासत में भेजा गया




पंचकूला/यूटर्न/16 अप्रैल। पंचकूला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने इंचार्ज प्रवीण कुमार के नेतृत्व में ₹5000 के इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश अमन उर्फ पकौडी को डेरा बस्सी बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी अमन उर्फ पकौडी निवासी इंद्रा कॉलोनी, सेक्टर-17 पंचकूला है, जिसके खिलाफ पहले से ही करीब 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त और अन्य आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था। इस मामले में पहले थाना सेक्टर-14 पंचकूला में आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज एक मुकदमे में कृष पुत्र सुरजीत निवासी राजीव कॉलोनी के कब्जे से एक .315 बोर देसी कट्टा बरामद किया गया था। गहन जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि उक्त अवैध हथियार की सप्लाई अमन उर्फ पकौडी द्वारा ही की गई थी।

पुलिस ने आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है तथा अवैध हथियार सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। डीसीपी क्राइम एवं ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि 'पंचकूला पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इनामी व हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। अवैध हथियारों के नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।' उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अवैध हथियारों से संबंधित सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे का झांसा देकर 1.75 करोड़ की साइबर ठगी में 15 वां आरोपी गिरफ्तार

## पंचकूला पुलिस ने अहमदाबाद से मीडिएटर मयूर को किया गिरफ्तार, 6 दिन के पुलिस रिमांड पर



पंचकूला/यूटर्न/16 अप्रैल। शेयर मार्केट में भारी मुनाफे का लालच देकर की गई करीब 1.75 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले में पंचकूला साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम ने एसआई भूप सिंह के नेतृत्व में एक और आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने इस मामले में अहमदाबाद (गुजरात) से एक अहम कड़ी माने जा रहे आरोपी मयूर को गिरफ्तार किया है, जो इस अंतरराज्यीय गिरोह में मीडिएटर की भूमिका निभा रहा था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी मयूर चेक के माध्यम से खातों में लेन-देन कर हवाला के जरिए ठगी की रकम को एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करवाने का काम करता था, जिससे मुख्य आरोपियों तक पैसे पहुंचाए जाते थे।

इस मामले में अब तक 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश लगातार जारी है। गिरफ्तार आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, ताकि उससे पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों, पैसों के फ्लो और नेटवर्क के बारे में और जानकारी जुटाई जा सके। जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि गिरोह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर फर्जी व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर पहले विश्वास जीतता था और फिर फर्जी ऐप के माध्यम से निवेश दिखाकर उनसे लाखों-करोड़ों रुपये ठग लेता था। डीसीपी क्राइम एवं ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि यह एक संगठित इंटरस्टेट साइबर फ्रॉड गिरोह है, जिसके तार कई राज्यों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, 'पंचकूला पुलिस ऐसे साइबर अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार कार्रवाई कर रही है। आमजन को चाहिए कि वे शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर मिलने वाले अनजान लिंक, फर्जी ऐप और व्हाट्सएप ग्रुप से सतर्क रहें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दें।' पुलिस के अनुसार, मामले में आगे और भी गिरफ्तारियां होने की संभावना है तथा ठगी गई राशि की रिकवरी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026



पेज 12 सुरक्षा में चूक से गया जगरांव के 6 श्रद्धालुओं का...

# कांग्रेस ने 16 मार्च के राज्यसभा चुनावों में क्रॉस-वोटिंग के लिए हरियाणा के 5 विधायकों को निलंबित किया



चंडीगढ़/यूटर्न/16 अप्रैल। हरियाणा कांग्रेस ने गुरुवार को उन पांच विधायकों को निलंबित कर दिया, जिन्होंने 16 मार्च के राज्यसभा चुनावों में क्रॉस-वोटिंग की थी। जिसमें विधायक शैले चौधरी (नारायणगढ़), रेनू बाला (सढौरा), जरनैल सिंह (रतिया), मोहम्मद इसराइल (हथीन), और मोहम्मद इलियास (पुन्हाना) शामिल हैं। हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि इन विधायकों को क्रॉस-वोटिंग के आरोप में निलंबित किया गया है। अनुशासन समिति की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी बी.के. हरिप्रसाद ने भी इस घटनाक्रम की पुष्टि की। इन पांचों विधायकों ने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल के पक्ष में मतदान किया था। अनुशासन समिति ने, जिसके अध्यक्ष धर्मपाल मलिक हैं, विधायकों को जारी किए गए कारण बताओ नोटिसों के जवाबों की जांच के बाद उनके निलंबन की सिफारिश की थी। समिति ने यह भी टिप्पणी की कि विधायकों से उनकी सदस्यता से इस्तीफा देने के लिए कहा जाना चाहिए। पांच विधायकों में से, शैले चौधरी, रेनू बाला और जरनैल सिंह ने क्रॉस-वोटिंग के आरोप में जारी किए गए कारण बताओ नोटिसों का जवाब दिया, जबकि मोहम्मद इलियास और मोहम्मद इसराइल ने कोई जवाब नहीं दिया।

## शैले ने किया इंकार


शैले ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार के पक्ष में ही मतदान किया था और उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर उन्हें निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने अतीत की घटनाओं का भी ज़िक्र करते हुए कहा कि 2016 के राज्यसभा चुनावों में जो कुछ हुआ था, उसके बारे में हर कोई जानता है। इसी तरह, रेनू बाला ने भी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह पार्टी के प्रति पूरी तरह वफादार रही हैं और उन्हें बेवजह फंसाया जा रहा है। जरनैल सिंह ने भी अपने लिखित जवाब में क्रॉस-वोटिंग के आरोपों से इनकार किया।

## तीनों विधायकों ने किया दावा

तीनों विधायकों ने दावा किया कि उन्होंने अपने मतपत्र पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को दिखाए थे, जिन्हें पार्टी द्वारा वोटों के सत्यापन के लिए अधिकृत किया गया था। इन पांचों विधायकों को इससे पहले कारण बताओ नोटिस जारी कर उनके आचरण के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया था। उनके जवाबों से असंतुष्ट होकर, पार्टी नेतृत्व ने आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई लंबित रखते हुए उन्हें निलंबित करने का निर्णय लिया। इस कार्रवाई के बावजूद, ये विधायक राज्य विधानसभा के सदस्य बने रहेंगे, क्योंकि राज्यसभा चुनावों के मामले में दलबदल विरोधी कानून के प्रावधान स्वतः लागू नहीं होते हैं। हालांकि, पार्टी के भीतर उनकी राजनीतिक साख को गहरा धक्का लगा है।

# मनीमाजरा में चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार; गैस सिलेंडर, मिठाई ट्रे और दस्तावेज बरामद

चंडीगढ़/यूटर्न/16 अप्रैल। मनीमाजरा थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गैस सिलेंडर, दो मिठाई ट्रे और कुछ जरूरी दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार यह मामला एफआईआर नंबर 44 दिनांक 07 अप्रैल 2026 के तहत दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता जतिंदर सिंह, निवासी मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स मनीमाजरा और गुरु डेयरी के संचालक, ने पुलिस को बताया कि 5 अप्रैल की रात करीब 9 बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगली सुबह जब वह दुकान पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर से करीब 9,500 रुपये नकद, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मिठाई ट्रे, घी, मक्खन और गैस सिलेंडर चोरी हो चुका था।




पुलिस ने बताया कि पिछले कई दिनों से मनीमाजरा क्षेत्र में ताले तोड़कर चोरी की घटनाओं की सूचनाएं मिल रही थीं। इसके बाद विशेष टीमें गठित कर जांच शुरू की गई। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की गई और मुखबिरों को भी सक्रिय किया गया। जांच के दौरान 10 अप्रैल को पुलिस ने पहले मनीमाजरा इंदिरा कॉलोनी निवासी आरोपी सोनू उर्फ मसक्कली को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी किया गया गैस सिलेंडर बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपने साथी राजकुमार उर्फ चुर्री का नाम बताया, जो इस वारदात में उसके साथ शामिल था। इसके बाद पुलिस ने दूसरे आरोपी राजकुमार उर्फ चुर्री (20), निवासी न्यू इंदिरा कॉलोनी, मनीमाजरा को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से दो मिठाई ट्रे और कुछ दस्तावेज बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि इसमें अन्य किसी की संलिप्तता तो नहीं है।/यूटर्न/19 मार्च।

# बीसीएम आर्य इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता प्रथम स्थान

लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। बीसीएम आर्य इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 8वीं की छात्रा प्रभनाज कौर ने ऑल इंडिया वीभा प्रतियोगिता 2026 में प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल और शहर का नाम रोशन किया है। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता चेन्नई में आयोजित हुई, जिसमें देशभर से प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने भाग लिया। सब-जूनियर वर्ग के ओपन थीम कैटेगरी में प्रभनाज कौर ने हुला हूप इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी कला, संतुलन और फोकस से जजों को प्रभावित किया और शीर्ष स्थान प्राप्त किया।



स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. जसनीव सेठ ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि प्रभनाज की सफलता उसकी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि स्कूल हमेशा छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर देता है। स्कूल के प्रेसिडेंट राकेश जैन ने भी छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे बीसीएम आर्य परिवार के लिए गर्व का क्षण है और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। डॉ. सेठ ने कहा कि प्रभनाज ने न केवल अपने परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है, बल्कि अपने साथियों के लिए भी एक मिसाल पेश की है। स्कूल ने उसे उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# कुंदन विद्या मंदिर के छात्र गाव्य जैन ने 95.4% अंक किए हासिल



लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। कुंदन विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिविल लाइंस के छात्र गाव्य जैन ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में 95.4% अंक हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया है। गाव्य जैन की इस उपलब्धि से उनके परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है। उनके पिता मुकेश जैन और माता निशिका जैन ने बेटे की सफलता पर गर्व जताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रबंधन ने भी गाव्य जैन की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बताया है।

# चौड़ा बाजार में पंजाब ट्रेड कमीशन चेयरमैन का हुआ सम्मान



लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। पंजाब सरकार के व्यापारियों के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत पंजाब ट्रेड कमीशन द्वारा व्यापारियों के कार्यो का निरीक्षण करते हुए आज चौड़ा बाजार में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर चौड़ा बाजार एसोसिएशन के प्रधान परमपाल सिंह विट्टी और अकाल मार्केट के प्रधान जसपाल सिंह शहजादा ने पंजाब ट्रेड कमीशन, हलका नॉर्थ के चेयरमैन राजू चावला का विशेष सम्मान किया। कार्यक्रम में मार्केट एसोसिएशन के अन्य सदस्य, जिनमें हरप्रीत सिंह, परमजीत सिंह, सोनी लीमैन, शंटी, रविंदर सिंह साजन और रूबी भी उपस्थित रहे।

Uturn Time 17 Apr 2026_Layout 2  16-04-2026  23:33  Page 6



# सिल्वर सिटी में बैसाखी मेले का आयोजन, सांस्कृतिक रंग में रंगे निवासी

## तंबोला, डांस और स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र, महिलाओं की रही खास भागीदारी

जीरकपुर/यूटर्न/16 अप्रैल। 16 अप्रैल को सिल्वर सिटी मेन लेडीज क्लब द्वारा सोसाइटी पार्क में बैसाखी मेले का सफल आयोजन किया गया। मेले में सभी आयु वर्ग के निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बैसाखी पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया। आयोजन को सरल, मनोरंजक और सभी के लिए आनंददायक बनाया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा।

मेले में भोजन, खेल और खरीदारी के लिए विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे, जहां लोगों ने खूब आनंद लिया। तंबोला सत्र मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक पुरस्कार जीते। आयोजकों द्वारा बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे सभी प्रतिभागियों को सुविधा और आराम मिला।





संगीत और नृत्य ने कार्यक्रम में खास रंग भर दिया। डीजे की धुनों पर महिलाओं और परिवारों ने जमकर डांस किया और एक साथ खुशी के पल साझा किए। आयोजन के दौरान सबी रंधावा ने कहा कि उनका उद्देश्य सभी को एक मंच पर लाकर परिवार जैसा माहौल बनाना था, ताकि लोग आपस में जुड़ सकें और यादगार पल बना सकें।

उन्होंने बताया कि यह मेला केवल उत्सव नहीं, बल्कि सामुदायिक संबंधों को मजबूत करने का माध्यम भी बना। इस आयोजन का सफल समन्वय सबी रंधावा और अलका श्रीधर ने किया, जिन्होंने इसे सौहार्दपूर्ण और यादगार बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### क्रिकेट के दिवानों का नया जोश टर्फ का मैदान

आज के समय में क्रिकेट का जुनून युवाओं में बेहद अधिक है, लेकिन हर युवा को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर नहीं मिल पाता। बड़ी आबादी, सीमित मैदान और संसाधनों की कमी के कारण कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी पीछे रह जाते हैं। ऐसे में टर्फ ग्राउंड का बढ़ता चलन इन युवाओं के लिए एक नई उम्मीद बनकर सामने आया है। टर्फ ग्राउंड छोटे आकार में भी तैयार किए जा सकते हैं, जिससे शहरों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी क्रिकेट खेलना संभव हो गया है। यह उन युवाओं के लिए खासतौर पर फायदेमंद है, जो जगह की कमी के कारण अपने खेल को आगे नहीं बढ़ा पाते थे। यहां वे नियमित अभ्यास कर सकते हैं और अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं। इसके अलावा, टर्फ ग्राउंड एक संगठित और सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हैं, जहाँ खिलाड़ी बिना किसी बाधा के खेल का आनंद ले सकते हैं। भले ही वे राष्ट्रीय टीम तक न पहुंच पाएं, लेकिन उनके अंदर खेल की भावना जीवित रहती है। इस प्रकार, टर्फ ग्राउंड न केवल खेल को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि उन युवाओं के सपनों को भी जिंदा रख रहे हैं, जो क्रिकेट के प्रति अपने जुनून को कभी मरने नहीं देना चाहते।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Interim Relief (Stay / Injunction) कैसे काम करता है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

कई मामलों में अंतिम निर्णय आने में समय लगता है, इसलिए अदालत अस्थायी राहत (interim relief) प्रदान करती है।

Stay Order या Injunction का उद्देश्य यह होता है कि जब तक केस चल रहा है, तब तक किसी पक्ष को नुकसान न हो। यह विशेष रूप से property disputes में महत्वपूर्ण होता है।

अदालत interim relief देते समय कुछ मुख्य बातों को देखती है—जैसे prima facie case, balance of convenience, और irreparable loss।

उदाहरण के तौर पर, यदि कोई व्यक्ति आपकी property पर अवैध निर्माण कर रहा है, तो आप अदालत से stay order ले सकते हैं ताकि निर्माण रोका जा सके।

यह समझना जरूरी है कि interim relief अंतिम फैसला नहीं होता, बल्कि अस्थायी सुरक्षा होती है।

निष्कर्ष : Infterim relief एक अस्थायी उपाय है, जो केस के दौरान आपके अधिकारों की रक्षा करता है। सही समय पर इसे लेना बहुत महत्वपूर्ण होता है।

# पंजाब में 110715 लोग एचआईवी से पीड़ित 0.42 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे हैं मरीज

## नशाखोरी रुकेगी तो एचआईवी के मामलों में आएगी कमीः विशेषज्ञ





अशोक सहगल

जीरकपुर/ लुधियाना यूटर्न 16 अप्रैल। पंजाब, जहाँ एचआईवी प्रसार दर 0.42% हे और अनुमानित 1,10,715 लोग एचआईवी के साथ जीवनयापन कर रहे हैं (PLHIV), इस लक्षित रणनीति के अंतर्गत एक प्राथमिकता वाला राज्य बना हुआ है। एचआईवी नियंत्रण में अधिक प्रभाव वाले जिलों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत National AIDS Control Organisation (नाको) ने आज मोहाली के जीरकपुर में एक उच्चस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में पंजाब के प्राथमिक जिलों को एक मंच पर लाकर 95-95-99 लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु लक्षित एवं डेटा-आधारित कार्रवाई को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता डॉ. राकेश गुप्ता, अतिरिक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार एवं महानिदेशक, नाको ने की। इस अवसर पर पंजाब सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख शासन सचिव कुमार राहुल सहित राज्य एवं जिला स्तर के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### इंजेक्शन से नशा बढ़ा देता है एचआईवी संक्रमण

डॉ. राकेश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा, ₹पंजाब जैसे राज्यों में, जहाँ इंजेक्शन से नशे का उपयोग एचआईवी संक्रमण को बढ़ावा देता है, इस स्तिथि में हमारी प्रतिक्रिया तुरंत एवं तीव्र होनी चाहिए। डेटा पर आधारित जिला-स्तरीय रणनीतियाँ तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के साथ जुड़ाव इस इस स्तिथि को बदलने के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि जिलों को अधिक सशक्त बनाना एवं जवाबदेही प्रदान करना राष्ट्रीय लक्ष्यों को स्थानीय स्तर पर ठोस परिणामों में बदलने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

यह कार्यशाला राज्यों में National AIDS Control Organisation (NACO) द्वारा संचालित संरचित पहलों की एक श्रृंखला का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य विकेन्द्रीकृत और डेटा आधारित दृष्टिकोण के माध्यम से उच्च भार वाले जिलों में एचआईवी कार्यक्रम के कार्यान्वयन को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम के सुदृढ़ कार्यक्रम कार्यवाही हेतु कुल 21 प्राथमिक जिलों-तरण तारण, अमृतसर, मोगा, पठानकोट, मानसा, फतेहगढ़ साहिब, लुधियाना, होशियारपुर, एस.ए.एस. नगर, जालंधर, कपूरथला, गुरदासपुर, बरनाला, फरीदकोट, संगरूर, पटियाला, शहीद भगत सिंह नगर, फिरोजपुर, बठिंडा, रूपनगर एवं श्री मुक्तसर साहिब-की पहचान की गई है।

# 10 लाख बीमा योजना को लेकर जागरूकता कैंप आयोजित

डेराबस्सी/यूटर्न/16 अप्रैल। नगर काउंसिल डेराबस्सी के वार्ड नंबर 6 स्थित चंडीगढ़ अपार्टमेंट में 10 लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के दिशा-निदेर्शों पर परमजीत सिंह रम्मी सैणी की अगुवाई में लगाया गया, जिसमें सोसायटी के निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



कैंप के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता नरेश उपनेजा और कुलदीप रंगी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को बीमारी की स्थिति में सरकार द्वारा 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में आर्थिक सहारा मिल सकेगा। इस मौके पर लोगों को योजना में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

परमजीत सिंह रम्मी सैणी ने बताया कि वार्ड निवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऐसे जागरूकता कैंप जल्द ही एटीएस, शिवपुरी, भगत सिंह नगर, सैणी विहार, आजाद नगर, गुरबख्श कॉलोनी और सिमरन सिटी में भी आयोजित किए जाएंगे।

कैंप में मास्टर कर्म चंद, चंडीगढ़ डिपार्टमेंट के चेयरमैन अमरिंदर श्रीवास्तव, शैलेंद्र श्रीवास्तव, श्रीमती सिप्रा श्रीवास्तव, शिखा श्रीवास्तव, कामना जावेद, रेखा जावेद, अक्षय कुमार, अरुण वर्मा, सतनाम सिंह और बलजीत सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

Uturn Time 17 Apr 2026_Layout 2 16-04-2026 23:33 Page 7



# नगर परिषद चुनाव: बलटाना वार्ड-31 से कांग्रेस ने परमजीत सिंह पम्मी को बनाया उम्मीदवार

## 25 वर्षों का अनुभव और मजबूत जनाधार, समर्थकों में उत्साह

जीरकपुर/यूटर्न/16 अप्रैल। जीरकपुर में आगामी नगर परिषद चुनावों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करते हुए बलटाना के वार्ड नंबर-31 से अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। पार्टी ने सीनियर लीडर और जिला मोहाली के उप प्रधान परमजीत सिंह पम्मी को पार्षद पद के लिए उम्मीदवार बनाया है।

परमजीत सिंह पम्मी लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं और क्षेत्र में एक सक्रिय व लोकप्रिय नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। पार्टी हाईकमान द्वारा उन्हें टिकट दिए जाने को संगठन की जमीनी पकड़ और क्षेत्र में उनकी सक्रियता को देखते हुए अहम निर्णय माना जा रहा है। उनकी उम्मीदवारी की घोषणा के बाद समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। पम्मी पिछले करीब 25 वर्षों से फर्नीचर मार्केट के प्रधान के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को उठाने और उनके समाधान के



लिए लगातार काम किया है। उनके नेतृत्व में मार्केट में कई विकास कार्य भी हुए, जिससे उनकी छवि एक जिम्मेदार और मजबूत लीडर के रूप में बनी है। सामाजिक कार्यों में भी पम्मी अग्रणी रहे हैं। जरूरतमंदों की सहायता, धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी और जनहित के मुद्दों को उठाने में उनका योगदान सराहनीय रहा है। यही कारण है कि क्षेत्र के लोगों के बीच उनकी अच्छी पकड़ और विश्वसनीयता बनी हुई है।

कांग्रेस पार्टी को उम्मीद है कि परमजीत सिंह पम्मी की लोकप्रियता और अनुभव का लाभ चुनावों में मिलेगा। पार्टी कार्यकताओं का मानना है कि उनकी उम्मीदवारी से वार्ड नंबर-31 में कांग्रेस की स्थिति और मजबूत होगी। वहीं, परमजीत सिंह पम्मी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपिंदर सिंह ढिल्लों और उदयवीर सिंह ढिल्लों का विशेष धन्यवाद करते हुए उनके मार्गदर्शन में क्षेत्र की सेवा जारी रखने की बात कही।

# रीगल फिटनेस स्टूडियो की ओर से रीगल बारबैल रॉड कंपटीशन का आयोजन




लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। चौड़ा सड़क पर स्थित रीगल फिटनेस स्टूडियो की ओर से रीगल बारबैल रॉड कंपटीशन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें स्टूडियो के युवाओं ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी ताकत और फिटनेस का शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, वहीं सभी प्रतिभागियों की भी सराहना की गई। स्टूडियो में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर डायरेक्टर अमरजोत सिंह ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में फिट रहना बेहद जरूरी है। फिट शरीर ही स्वस्थ जीवन की नींव है। युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर जिम और खेलों की ओर ध्यान देना चाहिए। हमारा उद्देश्य ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना और उन्हें सही दिशा देना है। आने वाले समय में हम और भी बड़े स्तर पर ऐसे इवेंट आयोजित करेंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा फिटनेस के प्रति जागरूक हो सकें।

# स्किल टू सक्सेस: डीसी लुधियाना हिमांशु जैन ने ऑब्जर्वेशन होम में इलेक्ट्रीशियन कोर्स किया शुरू

लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। किशोरों के पुनर्वास और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आज ऑब्जर्वेशन होम, सोशल वेलफेयर कॉम्प्लेक्स, शिमलापुरी में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।इस कार्यक्रम में दो प्रमुख पहलें शामिल रहीं एक ओर कुक एन स्टाइल कुकिंग क्लासेस के तहत तैयार किए गए व्यंजनों



का टेस्टिंग सेशन आयोजित किया गया, वहीं दूसरी ओर किशोरों के लिए विशेष इलेक्ट्रीशियन कोर्स का शुभारंभ किया गया। यह पहल फिलैंथ्रॉपी क्लब (अध्यक्ष लखमिंदर कौर छाबड़ा) और सन फाउंडेशन (नेतृत्व शुभांगी सिंह) के सहयोग से, बजाजसन्स लिमिटेड की विम्मी बजाज के सीएसआर सहयोग से संभव हुई। वीणू राय ढांडा के मार्गदर्शन में चल रही कुकिंग क्लासेस के दौरान किशोरों ने अपने द्वारा बनाए गए व्यंजनों की प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित मेहमानों ने सराहा। कार्यक्रम में फिलैंथ्रॉपी क्लब की सदस्य अनु गुप्ता और सिमरत कथूरिया, प्रशिक्षक सुखमनदीप सिंह, चीफ गवर्नेंस ऑफिसर अम्बर बंद्योपाध्याय और गवर्नेंस फेलो नवप्रीत सिद्धू भी उपस्थित रहे।

# किड्स ड्रीम विला प्लेवे और डे केयर के नन्हे-मुन्नों ने मनाई बैसाखी



लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। लुधियाना में किड्स ड्रीम विला प्लेवे और डे केयर के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ बैसाखी का पर्व मनाया। इस खास मौके पर स्कूल परिसर को रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया, जिससे पूरे वातावरण में त्योहार की झलक साफ दिखाई दी। बच्चे पारंपरिक पंजाबी परिधानों में सजे नजर आए और उन्होंने भंगड़ा व गिद्धा प्रस्तुत कर माहौल को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया। शिक्षकों ने बच्चों को बैसाखी के महत्व के बारे में सरल और रोचक तरीके से जानकारी दी। स्कूल की डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल नगमा कौशल ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।नगमा कौशल ने कहा, हमारा प्रयास रहता है कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ हमारी संस्कृति और त्योहारों से भी जोड़ा जाए। बैसाखी जैसे पर्व बच्चों में खुशी, आपसी प्रेम और सांस्कृतिक समझ को बढ़ाते हैं। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में भी मददगार साबित होते हैं।

# पटियाला में 'नारी शक्ति वंदन मार्च', 33% महिला आरक्षण के समर्थन में उमड़ी भीड़

## पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रनीत कौर के नेतृत्व में महिलाओं ने दिखाई एकजुटता



डेराबस्सी /यूटर्न/16 अप्रैल। महिला सशक्तिकरण और ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियमह्न के समर्थन में आज पटियाला में एक विशाल ह्यनारी शक्ति वंदन मार्चह्न निकाला गया। इस दौरान समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़ी हजारों महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मार्च में एनजीओ प्रतिनिधि, अध्यापक, सामाजिक कार्यकर्ता और महिला नेता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इससे महिलाओं की निर्णय लेने और कानून निर्माण प्रक्रिया में सीधी भागीदारी सुनिश्चित होगी।

मार्च का नेतृत्व पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रनीत कौर ने किया। उन्होंने कहा कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को नई दिशा देगा और उन्हें बराबरी का हक दिलाएगा।

इस रैली में डेराबस्सी से नगर परिषद के पार्षद एडवोकेट विक्रांत पवार भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और उन्होंने भी महिला आरक्षण के समर्थन में आवाज बुलंद की। मार्च के दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने एकजुट होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

# CBSE की परीक्षा में लुधियाना के स्टूडेंट्स ने मारी बाजी

लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। सीबीएसई की और से बुधवार को अपना 10वीं क्लास का रिजल्ट घोषित कर दिया है। इस दौरान पंजाब के कई स्टूडेंट्स अव्वल नंबर पर रहे। वहीं लुधियाना की बात करें, तो शहर के स्टूडेंट्स लड़के लड़कियां भी कहीं पीछे नहीं रहे। अलग-अलग स्कूल के स्टूडेंट्स द्वारा अच्छे अंकों के साथ पोजीशन हासिल की गई। लुधियाना रीजन के करीब 1.20 लाख विद्यार्थियों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा सेशन-1 में हिस्सा लिया। इसमें से 95.70 प्रतिशत छात्रों ने सफलता पाई है। ऑवरऑल रिजल्ट में लुधियाना रीजन को 9वां स्थान मिला है।



## दुगरी की सांझ कौर ने 500 में से 498 अंक किए हासिल

लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। दुगरी की रहने वाली सांझ कौर ने सीबीएसई 10वीं क्लास की परीक्षा में 500 में से 498 अंक हासिल किए। वह एक्चूरियल साइंस में करियर बनाना चाहती है।



## बीसीएम स्कूल की गौरवी फाइनेंस सेक्टर में बनाएगी करियर

वहीं बीसीएम आर्य मॉडल स्कूल शास्त्री नगर की राजगुरु नगर की गौरवी ने 500 में से 497 अंक लेकर परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है। वह फाइनेंस सेक्टर में अपना करियर बनाएगी।



## बीसीएम के अक्षोम ने हासिल किए 497 नंबर

वहीं बीसीएम आर्य मॉडल स्कूल शास्त्री नगर के अक्षोम शुक्ला की ओर से 500 में से 497 अंक हासिल किए गए हैं। उसकी इस मेहनत से पिता पुनीत शुक्ला और माता गगनदीप बेहद खुश है। उन्होंने स्कूल टीचर्स का धन्यवाद किया।



## बी.वी.एम. किचलू नगर के स्टूडेंट्स ने मारी बाजी

भारतीय विद्या मंदिर, किचलू नगर के विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता दर्ज की है। स्कूल के टॉपर्स की सूची में मिष्टी चौधरी ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। इसी प्रकार ऋतिक मित्तल ने 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और अखिल गोयल ने 98.4 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बल पर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रिंसिपल रंजू मंगल ने छात्रों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी।

## पुलिस डी.ए.वी. पब्लिक का रहा शानदार प्रदर्शन



पुलिस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल का प्रदर्शन शानदार रहा। स्कूल के कुल 260 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे और सभी ने सफलतापूर्वक सफलता प्राप्त कर स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत रखा। स्कूल का क्यू.पी.आई. 83 27 दर्ज किया गया। दिव्यांश जाजू ने 99 8 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान पाया। आकाशी शर्मा 996 प्रतिशत अंकों के साथदूसरेऔर अग्रिमा शर्मा 99.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। इनके अलावा संपूर्ण साहाय अगम कुमार ने 99 प्रतिशत और फराजिया शाहीन ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आंकड़ों के मुताबिक 50 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 45 ने 90 से 94.9 प्रतिशत और 67 विद्यार्थियों ने 80 से 89.9 प्रतिशत अंक हासिल किए है। प्रि. डॉ. अनु वर्मा ने इस बेहतरीन उपलब्धि पर विद्यार्थियों और स्टाफ की मेहनत की सराहना की और उन्हें हार्दिक बधाई दी।



## बी.वी.एम. स्कूल, सेक्टर-39 के स्टूडेंट्स ने मारी बाजी

बी.वी.एम. स्कूल, सेक्टर-39 के कुल 111 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे। अर्शप्रीत सिंह, आशीष सिंह और रिधि शर्मा ने 97.2 प्रतिशत अंक लेकर पहला स्थान हासिल किया। एंजेल और शुभनीत अरोड़ा 97 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और गौरी 96.8 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। 28 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत और 30 विद्यार्थियों मे 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। बी.वी.एम. ट्रस्ट के सदस्यों ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई दी। प्रि. उपासना मोदगिल ने विद्यार्थियों और अध्यापकों की मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# स्प्रिंग डेलियन्स ने मनाई कक्षा दसवीं की शानदार सफलता



लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल, लुधियाना में उस समय खुशी और गर्व का वातावरण छा गया जब विद्यालय ने सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने पूरे परिसर को खुशियों के केंद्र में बदल दिया, जहाँ विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबंधन ने मिलकर सफलता की खुशी साझा की। स्कूल में खुशियों की मुस्कान, तालियों की गूंज और हार्दिक बधाइयों का माहौल बना रहा। विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और समर्पण की सराहना की गई, जिसने उन्हें यह शानदार उपलब्धि दिलाई। चेयरपर्सन अविनाश कौर वालिया, निदेशक मंदीप वालिया एवं कमलप्रीत, अकादमिक सलाहकार संदीप रैखी, उपनिदेशक सोनिया वर्मा तथा प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने शिक्षकों के समर्पित प्रयासों और अभिभावकों के निरंतर सहयोग की सराहना भी की।

# कांग्रेसी नेता इंद्रजीत इंदी खिलाफ FIR दर्ज, विपक्षी नेताओं ने प्रैस कांफ्रेस कर सरकार पर लगाए धक्केशाही के आरोप

## शहर में चर्चा, युवा लीडर बात न मानने पर पीटने की नई रीत कर रहे शुरू

लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। लुधियाना के वार्ड 61 से महिला पार्षद परमिंदर कौर के पति व कांग्रेस लीडर इंद्रजीत सिंह इंदी द्वारा लायंस क्लब रोड निर्माण के दौरान मजदूरों को पीटने, सरकारी काम रोकने और मंत्री संजीव अरोड़ा का नाम लेकर अपमानजनक शब्दावली प्रयोग की गई थी। जिसकी वीडियो सामने आने के बाद इस मामले में थाना डिवीजन नंबर आठ की पुलिस द्वारा कार्रवाई कर दी गई है। जिसके चलते पुलिस ने जेई रुपिंदर सिंह की शिकायत पर कृष्णा नगर के इंद्रजीत सिंह इंदी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उन पर सरकारी काम में बांधा डालने और धमकियां देने समेत कई धाराओं के तहत मामला दर्ज हुआ है। हालांकि अभी इंद्रजीत फरार बताया जा रहा है, पुलिस उसकी तलाश कर रही है। वहीं इस मामले में वीरवार को कांग्रेस और भाजपा लीडरों द्वारा एकजुट होकर प्रैस कांफ्रेस की गई। जिसमें उन्होंने पंजाब सरकार और मंत्री संजीव अरोड़ा पर धक्केशाही करने के आरोप लगाए हैं। इस प्रैस कांफ्रेस में कांग्रेस लीडर पंकज शर्मा काका, सनी भल्ला, पार्षद गौरवजीत गौरा, अरुण शर्मा, सोनू डिक्को समेत कई लीडर मौजूद थे।

### कांग्रेस के कार्यकाल में रात को ही बनती थी सड़कें

वहीं शहर के बुद्धिजीवियों ने बताया कि कांग्रेसी लीडरों ने प्रैस कांफ्रेस में कहा कि ऐसी कौन सी एमरजेंसी थी कि रात को सड़क बनानी पड़ गई, सुबह भी बनाई जा सकती थी। वहीं बुद्धिजीवियों का कहना है कि कांग्रेस सरकार के समय ज्यादातर सड़कें रात को ही बनती थी। तब के निगम हाउस लीडरों और विधायकों द्वारा मीडिया में बयान दिया था कि सुबह आवाजाई के कारण जनता को ट्रैफिक समस्या का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते नई सड़क बनानी हो या पैचवर्क करना हो, सब काम रात को ही होंगे। वहीं पूरी हंबड़ा रोड बनी ही रात के समय थी। बुद्धिजीवियों का कहना है कि अपने कार्यकाल की बातें ध्याम में रखकर कांग्रेसी लीडरों को बोलना चाहिए।



### खूफिया तंत्र वहीं, जिसने इंदी की हरकत कैमरे में कैद ही झ आप नेता

वहीं कांग्रेसी लीडरों की प्रैस कांफ्रेस कर सवाल खड़े किए गए हैं। जिस पर आप लीडरों द्वारा जवाब दिए गए हैं। कांग्रेसी लीडरों का कहना है कि एफआईआर में लिखा है कि खूफिया तंत्र से पता लगा कि इंदी ने मारपीट की है, आखिर ऐसा कौन सा खूफिया तंत्र है, जो रात को घूम रहा था। वहीं आप लीडरों का कहना है कि यह वही खूफिया तंत्र है, जिसने छिपकर इंदी द्वारा मजदूर को पीटने, काम रुकवाने और मंत्री को गालियां देने की हरकतें कैमरे में कैद की। जिससे इंदी और कांग्रेसी लीडरों के कुछ न करने के झूठे दावों की पोल खुल सकी।

### रात को कौन बनाता है सड़कें, न रुकने पर गुस्सा आना स्भाविक

प्रैस कांफ्रेस के दौरान नेता पंकज काका ने कहा कि सरकार द्वारा सरेआम धक्केशाही की जा रही है। पहले भी इंदी पर झूठा मामला दर्ज कराया गया था। वहीं पार्षद अरुण शर्मा ने कहा कि रात को कौन सड़कें बनाता है। अब नेता इंद्रजीत इंदी द्वारा तीन बार सड़क बनाने से रोका गया। लेकिन अगर किसी लीडर के कहने पर भी न रुके तो गुस्सा आना स्भाविक बात है। वहीं पार्षद सोनू डिक्को ने कहा कि जिसे इंदी ने मारा, वह प्राइवेट व्यक्ति था। किसी सरकारी अधिकारी को नहीं मारा। वहीं पार्षद गौरवजीत गौरा का कहना है कि हम लोगों के जवाबदेह हैं। लोग हमारे पास शिकायतें लेकर आते हैं। जब समस्या का हल न हो, तो मजबूरी में गुस्सा आ ही जाता है। खूफिया तंत्र आखिर कौन सा है, जिसके कहने पर पर्चा दर्ज हो गया।

### हमेशा प्राइवेट व्यक्ति ही बनाते हैं सड़कें

वहीं आप लीडरों का कहना है कि कांग्रेस व भाजपा नेताओं ने कहा कि इंदी ने मजदूर को पीटा। पहली बात तो यह कि वह खुद मान रहे हैं कि इंदी ने मारपीट की और गालियां दी है। वहीं आप लीडरों ने कहा कि सड़कें हमेशा प्राइवेट लोग ही बनाते हैं, जबकि टेंडर सरकार अलॉट करती है। वहीं सड़कें सरकारी होती है। ऐसे में सड़क बनाते हुए उस काम को रोकना सरकारी काम में बांधा ही होता है। आप लीडरों ने कहा कि इंदी की मारपीट की वीडियो सामने आने के बाद विपक्षियों को समझ नहीं आ रहा है कि वह कैसे अपना बचाव करें, इस लिए जो मन में आ रहा बोलते जा रहे हैं।

### शहर में चर्चा, कांग्रेस-भाजपा पीटने की नई रीत कर रही शुरू

वहीं कांग्रेसी और भाजपा लीडरों का कहना है कि इंदी ने तीन बार रोका और ठेकेदार नहीं रुका तो उसकी बात न मानने पर गुस्सा आना स्भाविक है। जिसके चलते उसने मजदूर को थप्पड़ मार दिया। शहर में चर्चा है कि अब कांग्रेस और भाजपा पीटने की नई रीत शुरू कर रही है। यानि कि अगर कोई काम न करें, तो उसे पीटना शुरू कर दो। वहीं लोगों का कहना है कि हर बार इंद्रजीत इंदी के ही कभी एडिशनल कमिश्नर से बदसलूकी करने तो कभी निगम मुलाजिमों को पीटने के मामले ही सामने आ रहे हैं। जबकि बाकी कांग्रेसी लीडरों के कभी मामले सामने नहीं आए। क्योंकि वह कानून की पालना करते हुए विरोध करते हैं।



# डेराबस्सी के गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल का 100% रिजल्ट, दक्ष ढाका 99% के साथ टॉपर

## सीबीएसई 10वीं में छात्रों का शानदार प्रदर्शन, 50 से अधिक विद्यार्थियों ने 85% से ऊपर अंक पाए

डेराबस्सी/यूटर्न/16 अप्रैल। गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल, डेराबस्सी ने सीबीएसई कक्षा 10वीं के घोषित परिणामों में 100 प्रतिशत सफलता हासिल कर एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। स्कूल के सभी छात्र परीक्षा में सफल रहे, जिससे परिसर में खुशी और जश्न का माहौल रहा। परिणामों में दक्ष ढाका ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ईशिका ने 94 प्रतिशत और निष्ठा ने 92.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके अलावा कई अन्य छात्रों ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर



स्कूल का नाम रोशन किया। खास बात यह रही कि 50 से अधिक विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में स्कूल प्रबंधन की ओर से एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान अध्यक्ष सुरिंदर सिंह विर्दी, उपाध्यक्ष अमृतपाल सिंह, मैनेजर गुरजीत सिंह समेत अन्य सदस्यों ने मेधावी छात्रों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष सुरिंदर सिंह विर्दी ने छात्रों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जतिन-लुधियाना बॉर्डर पर सरकारी रेत खदान को लेकर बवाल

## मजदूरों ने चेयरमैन पर लगाए धक्काशाही के आरोप, चेयरमैन बोले- 'मैं कौन होता हूँ उठाने वाला?'

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/16/अप्रैल। जालंधर और लुधियाना की सीमा पर सतलुज नदी के तट पर चल रही सरकारी रेत खदान अब सियासी और कानूनी अखाड़ा बन गई है। खदान पर उस समय भारी तनाव फैल गया जब वहां काम करने वाले मजदूरों ने 'पनग्रेन' के चेयरमैन तेजपाल सिंह गिल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। मजदूरों का आरोप है कि चेयरमैन ने 'हिस्सा-पत्ती' के चक्कर में उनके साथ धक्काशाही की, जबकि चेयरमैन ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे प्रशासनिक कार्रवाई करार दिया है।



**मजदूरों का आरोप:** 'चेयरमैन ने खुद मजदूरों को पकड़कर गाड़ियों में डाला'

'कुल हिंद खेत मजदूर यूनियन' के नेता कॉमरेड बलजीत सिंह गोरसियां ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चेयरमैन तेजपाल सिंह गिल खदान में अपना निजी स्वार्थ सिद्ध करना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चेयरमैन ने मजदूरों और महिलाओं के विरोध के बावजूद कुछ कामगारों को जबरन पकड़कर गाड़ियों में बिठाया। मजदूरों का कहना है कि यह उनकी रोजी-रोटी पर हमला है।

**चेयरमैन का पलटवार:** 'नियम तोड़कर बदला जा रहा है नदी का रुख' चेयरमैन तेजपाल सिंह गिल ने आरोपों पर सफाई देते हुए कहा, ३मजदूरों को पुलिस ने उठाया था, मैंने नहीं।

# पंजाब में 176.91 करोड़ के प्रोजेक्टों का उद्घाटन, सीएम बोले- AAP विकास की बात करती है, शिअद डायनासोर की

पंजाब/यूटर्न/16 अप्रैल। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान गुरुवार को बटाला पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 176.91 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने नगर निगम बटाला के अधीन 95.72 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का भी शुभारंभ किया। इसके अलावा, उन्होंने पंजाब मंडी बोर्ड के अधीन 16.10 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों की भी शुरूआत की। वहीं मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधीन 65.09 करोड़ की राशि से बनने वाली सड़कों का नींव पत्थर रखा।



## विपक्ष पर साधा निशाना

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आने से पहले अकाली दल और कांग्रेस के लोग 5-5 साल बारी-बारी राज करते थे। एक बार जीत जाते थे, उसके बाद अपने घरों को अंदर से लॉक कर लेते थे, बाहर नहीं निकलते थे। कैप्टन अमरिंदर सिंह और सुखबीर बादल जीतने के बाद अपने घरों में ही रहते थे। घर से ही आदेश जारी किए जाते थे कि केवल जानकारों और रिश्तेदारों के ही काम होने चाहिए। लोगों से उनका कोई मतलब नहीं रहता था। हमारी पार्टी ने लोगों के लिए ही काम किया है।

## आप पार्टी सिर्फ विकास की बात करती है

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी की स्टेजों से सड़कें बनाने, आम आदमी क्लीनिक, टोल प्लाजा बंद करने, माताओं बहनों के घरों में 1-1 हजार पहुंचाने की बातें होती हैं। लेकिन, अकाली दल की स्टेज से डायनासोर के गले में संगल डालने जैसी बातें होती हैं। उन्होंने आगे कहा कि वह सब एक-दूसरे की टांगें खींच रहे हैं और हाईकमान से एक-दूसरे की शिकायतें करने की बातें होती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा, अकाली दल और कांग्रेस के लोगों की स्टेजों पर लोगों की बात नहीं की जाती। वह लोगों में जाते ही नहीं हैं। उनको पंजाब के लोग पसंद नहीं है।

# बीवीएम, यूएसएन के दसवीं परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन, 100% रहा रिजल्ट

लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। भारतीय विद्या मंदिर, ऊधम सिंह नगर ने सत्र 2025-26 की कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर खुशी और गर्व के माहौल से गूंज उठा। सीबीएसई द्वारा आयोजित परीक्षा में विद्यालय ने 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया। कुल 159 विद्यार्थियों में से 33 छात्रों ने 90% से अधिक और 43 छात्रों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी मेधा का प्रदर्शन किया।



टॉपर्स की सूची में ध्वनि और नमन शर्मा ने संयुक्त रूप से 97.6% अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। अदिति शर्मा ने 97.4% अंकों के साथ दूसरा और हरसीरत कौर ने 97.2% अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के मैनेजर राजीव पुरी ने इस उपलब्धि पर छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की। वहीं, प्रिंसिपल पवन सूद ने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करते रहने और नए लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

# बीसीएम आर्य का शानदार प्रदर्शन, 21 छात्रों ने 99% से अधिक अंक किए हासिल







लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। बीसीएम आर्य स्कूल ने एक बार फिर सीबीएसई कक्षा दसवीं के परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर में नया रिकॉर्ड कायम किया है। इस वर्ष 21 विद्यार्थियों ने 99% से अधिक अंक हासिल कर स्कूल को एक अलग ही मुकाम पर पहुंचा दिया, जो शहर में अब तक का बेजोड़ प्रदर्शन माना जा रहा है। स्कूल की टॉपर दिया गोयल ने पांच विषयों में 500 में से 500 अंक हासिल कर असाधारण उपलब्धि दर्ज की, जबकि हिंदी में उन्होंने 96 अंक प्राप्त किए। वहीं दीपान गर्ग, हितांश शर्मा और सांझ कौर ने 99.6% अंक प्राप्त किए।

99.4% अंक अक्षोम शुक्ला, गौरवी, पिया पाठरिया, हिमाक्ष अरोड़ा और पान्वी गंभीर ने हासिल किए, जबकि 99.2% अंक अनहद कौर, गुरसिमरत सिंह, रिधिमा और दिया गोयल ने प्राप्त किए। कुल 384 छात्रों में से 229 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रों ने इंग्लिश, मैथ्स, साइंस के साथ-साथ एआई और आईटी जैसे विषयों में भी 100 में 100 अंक प्राप्त किए। स्कूल प्रबंधन के अनुसार यह सफलता निरंतर मेहनत, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है, जिसने बीसीएम आर्य को शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक बना दिया है।

# मोमोज में निकला पेन के ढक्कन का टुकड़ा, ग्राहक ने की शिकायत

जीरकपुर/यूटर्न/16 अप्रैल। जीरकपुर के पीरमुछल्ला क्षेत्र में स्थित एक चाइनीज फूड शॉप से खरीदे गए मोमोज में पेन के ढक्कन का टूटा हुआ प्लास्टिक का टुकड़ा निकलने का मामला सामने आया है। घटना के बाद ग्राहक ने पंजाब स्वास्थ्य विभाग, डीसी मोहाली और फूड सेफ्टी विभाग को ऑनलाइन शिकायत देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीरमुछल्ला निवासी साहिल कुमार ने बताया कि रविवार रात करीब 8:30 बजे वह अपनी पत्नी के साथ ह्यराजू चाइनीज फूडह्व नामक दुकान पर डिनर करने गए थे। यहां उन्होंने वेज मोमोज और स्प्रिंग रोल का ऑर्डर दिया। साहिल के अनुसार, जैसे ही उन्होंने मोमोज का पहला निवाला लिया, उनके दांतों के नीचे कोई सख्त चीज आई। जब उन्होंने उसे बाहर निकालकर देखा तो वह पेन के ढक्कन का टूटा हुआ प्लास्टिक का टुकड़ा था। साहिल ने इस लापरवाही को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि यह घटना जानलेवा साबित हो सकती थी। उन्होंने आशंका जताई कि अगर यह टुकड़ा उनके छोटे बेटे के गले में फंस जाता या पेट में चला जाता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के तुरंत बाद साहिल ने इसका वीडियो बनाया और लिखित शिकायत में प्रशासन से मांग की कि स्वच्छता मानकों का पालन न करने वाली दुकानों के लाइसेंस रद्द किए जाएं। साथ ही उन्होंने पीरमुछल्ला और जीरकपुर क्षेत्र में खाने-पीने की दुकानों व रेहड़ियों की नियमित जांच कराने की भी अपील की। फिलहाल, स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।



# समगौली एकीकृत ठोस कचरा परियोजना की समीक्षा, स्वच्छ व स्मार्ट मोहाली क्लस्टर को मिलेगा बढ़ावा



डेराबस्सी /यूटर्न/16 अप्रैल। गांव समगौली में विकसित की जा रही एकीकृत ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना का स्थल निरीक्षण नगर निगम मोहाली के आयुक्त संदीप सिंह गाढ़ा द्वारा किया गया। इस दौरान संयुक्त आयुक्त जसजीत सिंह और मुख्य अभियंता नरेश बत्ता भी मौजूद रहे। इसके अलावा कुराली, बनूड़, डेराबस्सी और लालड़ू नगर परिषदों के कार्यकारी अधिकारी तथा पीएमआईडीसी के प्रतिनिधि परेश जिंदल भी उपस्थित रहे।

यह परियोजना जिला साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) की सभी शहरी स्थानीय निकायों के लिए क्लस्टर आधारित, वैज्ञानिक कचरा प्रसंस्करण एवं निपटान सुविधा के रूप में करीब 39 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही है। इसका उद्देश्य कचरे के संग्रह, पृथक्करण, प्रसंस्करण, ऊर्जा उत्पादन, कम्पोस्ट निर्माण और सुरक्षित निपटान की एकीकृत प्रणाली को लागू करना है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परियोजना स्थल का जायजा लिया और विभिन्न निकायों को सौंपे गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस परियोजना के तहत सेकेंडरी कलेक्शन एवं परिवहन प्रणाली, प्री-प्रोसेसिंग यूनिट, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ), वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट, कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) यूनिट, विंडरो कम्पोस्टिंग, सैनिटरी लैंडफिल और लीचेट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाएंगे।

Uturn Time 17 Apr 2026_Layout 2 16-04-2026 23:33 Page 11



# गाड़ी में बैठे युवक की 5 गोलियां मारकर हत्या, हमलावरों ने आते ही फायरिंग की, 4 बच्चों का था पिता

अमृतसर/यूटर्न/16 अप्रैल। अमृतसर में युवक की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। युवक चिकन की शॉप के बाहर गाड़ी में बैठा था। इसी दौरान हमलावर आए और आते ही उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। घायल मनजीत सिंह को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मनजीत सिंह (33) के रूप में हुई है। मामला बुधवार रात करीब साढ़े 10 बजे गांव भुल्लर में सामने आया।

परिजनों के मुताबिक पुरानी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया। मनजीत के चाचा के बेटे मलकीत सिंह ने बताया कि यह मामला पुरानी दुश्मनी से जुड़ा हुआ है। किसी बात को लेकर आरोपियों से झगड़ा हुआ था, जिसके चलते 2024 में उनके खिलाफ मामला



दर्ज करवाया था। इसी केस की रंजिश के कारण इन्होंने गोलियां चलाई। पता चला है कि इनका संबंध गैंगस्टरों से है।

## 7 से 8 लोग आए, 5 राउंड गोलियां चलाई

मलकीत सिंह ने बताया कि देर रात को हमलावर एक स्प्लेंडर बाइक और दो बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। उन्होंने आते ही मनजीत पर करीब 4 से 5 राउंड गोलियां चलाईं। जिनमें से 3 गोलियां सीधे मनजीत सिंह को लगीं। मलकीत ने कहा कि गुरसाहिब, हरपाल, रणधीर और जगबीर के साथ 3-4 और लोग आए थे। वह खुद भी पास में खड़ा था। उन्होंने पूरी घटना अपनी आंखों से देखी। मनजीत सिंह के 4 छोटे बच्चे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# महिला रेडियो होस्ट को नशा तस्करी में साढ़े पांच साल की सजा, कनाडा में करती हैं ब्रॉडकास्ट, 83 करोड़ की ड्रग मिली

जालंधर/यूटर्न/16 अप्रैल। कनाडा में रहने वाली पंजाबी रेडियो ब्रॉडकास्टर सुखविंदर कौर संघा को अमेरिका से ड्रग्स तस्करी करने के आरोप में पकड़ा गया था। अब ब्रिटिश कोलंबिया की सुप्रीम कोर्ट ने उनको साढ़े पांच साल जेल की सजा सुनाई है। 47 साल की संघा जालंधर जिले के नकोदर से संबंधित परिवार से हैं। हालांकि इनका जन्म कनाडा के प्रिंस जॉर्ज में हुआ था। उन्होंने पिछले एक दशक में पंजाबी रेडियो जगत में अपनी पहचान बनाई। देखते ही देखते वह पंजाबी समुदाय का बड़ा चेहरा बन गई। उनके शो में अक्सर हाई-प्रोफाइल राजनेता, पुलिस अधिकारी और मशहूर हस्तियां शामिल होती थीं। संघा की



गिरफ्तारी से कनाडा में रह रहे पंजाबी मूल के लोगों को झटका लगा है। लोगों ने कहा कि इसे पूरे पंजाबी समुदाय को ड्रग तस्करी से जोड़कर देखा जाता है। पहले ही कनाडा में पंजाबियों के खिलाफ हेट स्पीच के मामले बढ़े हैं। इस घटना के बाद पंजाबी समुदाय फिर से कनाडाई लोगों की नजर में आ जाएगा।

## रोके जाने पर कार भगाकर ले गई थी

सुखविंदर संघा की गिरफ्तारी की कहानी किसी फिल्मी ड्रामे से कम नहीं है। अक्टूबर 2021 में, वह फ्लोरिडा नंबर प्लेट वाली एक रेंटल कार में अमेरिका से कनाडा की सीमा में प्रवेश कर रही थीं। जब सरे स्थित सीमा चौकी पर कनाडा बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी के अधिकारियों ने उन्हें सेकेंडरी चेकिंग के लिए रोका, तो वह सहयोग करने के बजाय वहां से तेज रफ्तार में कार भगा ले गई।

## पीछा कर पुलिस ने दबोचा था

इसके बाद पुलिस ने उसका पीछा किया और उन्हें सरे की 16वीं एवेन्यू पर धर दबोचा। कार की तलाशी लेने पर अधिकारियों के होश उड़ गए, क्योंकि उसमें 4 डफल बैग भरे हुए थे, जिनमें 108 किलोग्राम मेथामफेटामाइन ड्रग्स थी। बाजार में इस खेप की कीमत 83 करोड़ रुपए के बीच आंकी गई थी।

## कोर्ट में संघा ने बनाए कई तरह के बहाने

अदालती कार्यवाही के दौरान संघा ने खुद को बेकसूर बताते हुए दावा किया कि वह अपनी मौसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने वाशिंगटन गई थीं और वहां उन्हें डरा-धमका कर इस काम के लिए मजबूर किया गया। हालांकि, जस्टिस जॉन गिब-कार्सले ने उनके इन दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया।

# बॉर्डर पार मॉड्यूल का पदार्फाश, एक गिरफ्तार, पिस्तौल और 4-हैंड ग्रेनेड बरामद, चंडीगढ़ ब्लास्ट से तार जुड़ने की आशंका

अमृतसर/यूटर्न/16 अप्रैल। पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस विंग और एसएसओसी की टीमों ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए बॉर्डर पार से जुड़े एक संदिग्ध मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह संयुक्त ऑपरेशन एसएसओसी अमृतसर और एसएसओसी मोहाली द्वारा मिलकर चलाया गया, जिसमें एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार किया गया व्यक्ति विदेशी हैंडलरों के संपर्क में था और उसे बाहर बैठे लोगों द्वारा निर्देश दिए जा रहे थे। पुलिस के अनुसार, इस मॉड्यूल के तार उस ग्रेनेड हमले से भी जुड़े हो सकते हैं जो हाल ही में चंडीगढ़ में हुआ था। हालांकि, इस संबंध में विस्तृत जांच अभी जारी है।

## हथियारों और ग्रेनेड की बड़ी बरामदगी




पंजाब डीजीपी गौरव यादव ने अपने एक्स हैंडल पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि आरोपी के कब्जे से चार हैंड ग्रेनेड, दो विदेशी निर्मित पिस्तौल और बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किए हैं। यह बरामदगी सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है, क्योंकि इससे संभावित बड़े आतंकी नेटवर्क की गतिविधियों का संकेत मिलता है।

## FIR दर्ज, पूरे नेटवर्क की जांच जारी

इस मामले में थाना स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल, अमृतसर में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने, उन्हें ट्रैक करने और गिरफ्तार करने के लिए आगे की जांच में जुटी हुई है। पंजाब पुलिस ने कहा है कि राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और संगठित अपराध तथा आतंकवादी गतिविधियों को समाप्त करना उनकी प्राथमिकता है। सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही हैं ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# बीच लुक में छाईं निधि अग्रवाल, नैचुरल ग्लैम से बढ़ाया इंटरनेट का तापमान



एक्ट्रेस Nidhhi Agerwal इन दिनों सोशल मीडिया पर अपनी बीच लुक को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। हाल ही में सामने आई तस्वीर में निधि बेहद स्टाइलिश और कॉन्फिडेंट अंदाज में नजर आ रही हैं, जहां उनका नैचुरल ग्लैम और सादगी फैंस को खूब पसंद आ रही है। गीले बालों और मिनिमल मेकअप में दिखी एक्ट्रेस का यह कूल अवतार इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। फैंस उनके इस फ्रेश और बोल्ड अंदाज की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कुछ यूजर्स ने इसे 'समर परफेक्ट लुक' बताया तो कुछ ने उनके फिटनेस और चार्म की सराहना की। निधि अक्सर अपने ग्लैमरस और ट्रेंडी स्टाइल से चर्चा में रहती हैं, लेकिन इस बार उनका सिंपल बीच वाइब ही लोगों का दिल जीत रहा है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में 'पैरेंट पावर सेशन', छात्रों को दी भविष्य की करियर दिशा



लुधियाना/यूटर्न/16 अप्रैल। डीएवी पब्लिक स्कूल, बीआरएस नगर के करियर काउंसलिंग सेल द्वारा 16 अप्रैल 2026 को कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए 'पैरेंट पावर सेशन' का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन डेल कानेगी सर्टिफाइड ट्रेनर आयुष जैन ने किया, जिसमें छात्रों को भविष्य के करियर विकल्पों के बारे में स्पष्टता प्रदान की गई। सेशन के दौरान करियर से जुड़े मिथकों को तोड़ने, परीक्षा के दबाव को संभालने और रैंक व वास्तविक अवसरों के बीच अंतर समझाने पर जोर दिया गया। साथ ही छात्रों और अभिभावकों के बीच अपेक्षाओं के अंतर को कम करने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई।

Uturn Time 17 Apr 2026_Layout 2 16-04-2026 23:33 Page 12



# सुरक्षा में चूक से गया जगरांव के 6 श्रद्धालुओं का 'कीमती जीवन'

## पूर्व डिप्टी सीएम ने लाइफ जैकेट और क्षमता जांच को बताया अनिवार्य

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/16/अप्रैल ।उत्तर प्रदेश के वृंदावन में पिछले दिनों हुए दर्दनाक नाव हादसे ने जगरांव शहर को कभी न भूलने वाला जख्म दिया है। इस हादसे में अपनी जान गंवाने वाले 6 श्रद्धालुओं के परिवारों का दुख बांटने के लिए आज शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल विशेष रूप से जगरांव पहुंचे। बादल ने हादसे का शिकार हुए चारों परिवारों के घर जाकर उनसे मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उनके साथ पार्टी के कई दिग्गज नेता भी मौजूद रहे।

**प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल:** 'सुरक्षा इंतजामों में कोताही बर्दाश्त नहीं' हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सुखबीर बादल ने सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे हादसों को महज 'दुर्घटना' कहकर टाला नहीं जा सकता, बल्कि भविष्य के लिए कड़े सबक लेने की जरूरत है।

उन्होंने मांग की कि: लाइफ जैकेट अनिवार्य हो:



**ओवरलोडिंग पर रोक:** नाव की तय क्षमता के अनुसार ही सवारी बिठाने की सख्ती से निगरानी हो। अकाली दल के दिग्गज नेताओं ने दी सांत्वना इस मौके पर सुखबीर बादल के साथ हल्का इंचार्ज व पूर्व विधायक एस.आर क्लेर, एसजीपीसी सदस्य गुरचरण सिंह ग्रेवाल, वरिष्ठ नेता शरणजीत सिंह ढिल्लों और महेशइंदर सिंह ग्रेवाल भी मौजूद थे। ३शिरोमणि अकाली दल इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। जगरांव के इन परिवारों ने अपना जो खोया है, उसकी पूर्ति नहीं की जा सकती, लेकिन हम हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सुखबीर सिंह बादल, अध्यक्ष (शिअद)

'हर संभव मदद का भरोसा' पूर्व विधायक एस.आर. क्लेर ने कहा कि जगरांव के परिवारों के साथ हुआ यह हादसा पूरे इलाके के लिए एक बड़ा सदमा है। उन्होंने दोहराया कि अकाली दल की पूरी लीडरशिप इन परिवारों के संपर्क में रहेगी और भविष्य में किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर पार्टी हमेशा तैयार रहेगी।

# आवारा कुत्ते का हमला: स्कूल जा रहे बच्चे पर झपटा, बाल-बाल बचा

## न्यू डिफेंस कॉलोनी में घटना से दहशत, लोगों में प्रशासन के खिलाफ रोष

## आवारा कुत्तों पर नियंत्रण की मांग, समय रहते कार्रवाई न हुई तो बड़े हादसे का खतरा

जीरकपुर/यूटर्न/16 अप्रैल। जीरकपुर के न्यू डिफेंस कॉलोनी क्षेत्र में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब स्कूल जा रहे एक बच्चे पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। घटना सुबह करीब 8 बजे से 8:20 बजे के बीच की बताई जा रही है। गनीमत रही कि बच्चा इस हमले में बाल-बाल बच गया, हालांकि वह बुरी तरह सहम गया।

मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना न्यू डिफेंस कॉलोनी में लकी ढाबा के पीछे की है, जहां से बच्चा रोजाना स्कूल के लिए गुजरता है। अचानक एक आवारा कुत्ता उस पर झपट पड़ा, जिससे आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे को बचा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।



घटना के बाद क्षेत्रवासियों में भारी रोष देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि इलाके में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। कई बार शिकायतें देने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।

स्थानीय निवासियों ने सवाल उठाया कि इस तरह की घटनाओं की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा—कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोग या संबंधित विभाग, जो इस समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

घटना के बाद यह भी मांग उठने लगी है कि समाज के सभी वर्गों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। केवल प्रशासन ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों को भी इस समस्या के समाधान के लिए आगे आना होगा, ताकि बच्चों और राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

फिलहाल, क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ने और उनके उचित प्रबंधन के लिए जल्द कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# जीरकपुर में कानून-व्यवस्था मजबूत करने को पुलिस सक्रिय, ढकोली थाना प्रभारी का दौरा



जीरकपुर/यूटर्न/16 अप्रैल। जीरकपुर में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने सक्रियता तेज कर दी है। टीम उरवा के अनुरोध पर एएसपी जीरकपुर गजलप्रीत कौर की पहल के तहत ढकोली थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतनाम सिंह ने वार्ड नंबर-13 स्थित जीटीएस ऑफिस और कम्युनिटी सेंटर का दौरा किया। दौरे के दौरान इंस्पेक्टर सतनाम सिंह ने आसपास की सोसायटियों के निवासियों से बातचीत करते हुए क्षेत्र में शांतिपूर्ण और नशामुक्त वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने लोगों से कानून का पालन करने की अपील की और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। साथ ही आश्वासन दिया कि पुलिस हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। टीम उरवा ने एएसपी जीरकपुर और पुलिस विभाग की त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कदमों से क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास का माहौल मजबूत होता है। उरवा की ओर से जानकारी दी गई कि जल्द ही सभी आरडब्ल्यूए अध्यक्षों और एसएचओ ढकोली के साथ एक संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न सोसायटियों की साझा समस्याओं पर चर्चा कर समाधान निकाला जाएगा। स्थानीय निवासियों ने भी पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि इससे इलाके में शांति और सुरक्षा व्यवस्था और अधिक बेहतर होगी।

- नशामुक्त और शांतिपूर्ण माहौल पर जोर, निवासियों की समस्याएं सुनीं
- आरडब्ल्यूए व पुलिस की संयुक्त बैठक जल्द, सुरक्षा को लेकर बढ़ा भरोसा

# 15 किलो भुक्की चूरा पोस्त सहित तस्कर गिरफ्तार



लालड़ू/यूटर्न/16 अप्रैल। जिला मोहाली के कस्बा लालड़ू में पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 15 किलोग्राम भुक्की चूरा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पंजाब सरकार की 'युद्ध नशे विरुद्ध' मुहिम के तहत की गई। वरिष्ठ पुलिस कप्तान हरमनदीप सिंह हंस (आईपीएस) द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, कप्तान पुलिस देहाती मनप्रीत सिंह और कप्तान पुलिस डेराबस्सी बिक्रमजीत सिंह बराड़ के दिशा-निर्देशों तथा इंस्पेक्टर योगेश कुमार, प्रभारी थाना लालड़ू की निगरानी में पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की।

**गश्त के दौरान संदिग्ध को दबोचा...** 15 अप्रैल को सहायक थानेदार जसविंदर सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान मेन जीटी रोड स्थित गांव झरमड़ी बस स्टॉप के पास पहुंचे। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति काले रंग का भारी बैग लिए दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर घबराकर सुनसान जगह की ओर जाने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की। आरोपी ने अपनी पहचान गुरतेज सिंह पुत्र राज सिंह निवासी गांव सीरबांस खेड़ी, थाना देहात शिवपुरी, जिला शिवपुरी (मध्य प्रदेश) के रूप में बताई।

**तलाशी में बरामद हुई 15 किलो भुक्की...** पुलिस द्वारा बैग की तलाशी लेने पर उसमें से 15 किलोग्राम भुक्की चूरा पोस्त बरामद हुई। इसके बाद आरोपी के खिलाफ थाना लालड़ू में एनडीपीएस एक्ट की धारा 15/61/85 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372